## महत्वपूर्ण एवं खास

### दलित हिंसा कमजोर और स्वार्थी नेतृत्व को दर्शाती है

मुंबई (आरएनएस)। केंद्र पर हमला बोलते हुए शिवसेना ने एससी/ एसटी कानून के प्रावधानों में बदलाव का विरोध कर रहे दलितों द्वारा बुलाए गए राष्ट्रव्यापी बंद के दौरान हुई हिंसा की कड़ आलोचना की है। पार्टी ने कहा है कि दलित हिंसा कमजोर और स्वार्थी नेतृत्व को दर्शाती है। साथ ही, भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए, शिवसेना ने कहा है कि हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने देश को लूटा जबकि मौजूदा सरकार देश को तोड़ रही है। यह बातें पार्टी के मुखपत्र सामना में कही गई हैं।

पार्टी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ सड़कों पर उतरना भारतीय संविधान के निर्माता डॉ बीआर आंबेडकर की विचारधारा के खिलाफ जाने जैसा है। शिवसेना ने पार्टी के मुखपत्र सामना में लिखे संपादकीय में जोरदार हमले करते हुए कहा, जब नेतृत्व कमजोर और स्वार्थी होता है तब हिंसा की घटनाएं होती हैं।' उसने कहा, देश को एक बार धर्म के नाम पर विभाजित किया गया था। अगर इसे जाति के नाम पर एक बार फिर तोड़ा जा रहा है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहां हैं और वह क्या कर रहे हैं?

### शांति रक्षक समेत 22 लड़ाकों की मौत

#### यूएन के आधार शिविर पर हमला

वॉशिंगटन (आरएनएस)। मध्य अफ्रीकी गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र के एक आधार शिविर पर मंगलवार को भारी हमले में एक शांतिरक्षक मारा गया और 11 अन्य घायल हो गए. अंतर्राष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस संघर्ष में अब तक 22 विद्रोहियों की मौत हो चुकी है. संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बताया कि दक्षिणी शहर बाम्बरी के पास तगबारा में संयुक्त राष्ट्र के अस्थाई शिविर पर बलाक विरोधी लड़कों ने हमला किया, जिस पर सेना द्वारा कार्रवाई की गई. उन्होंने इस बात की भी जानकारी दी कि अब कैसे लड़ाकों का सफाया किया जाएगा.

### सीएजी रिपोर्ट में आप सरकार के राशन सिस्टम पर सवाल

#### स्कूटर, बाइक से पहुंचाया गया राशन?

नई दिल्ली (आरएनएस)। सीएजी रिपोर्ट में दिल्ली के राशन सिस्टम पर कई सवाल उठाए गए हैं। सामने आया है कि राशन की दुकानों का लाइसेंस रखने वाले और कई ऐसे परिवारों के पास भी नैशनल फूड सिक्यॉरिटी (एनएफएस) कार्ड हैं, जिनकी हैसियत नौकर रखने की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय खाद्य निगम के गोदामों से राशन की दुकानों तक अनाज पहुंचाने के लिए स्कूटर, बस, ऑटो और बाइक तक का इस्तेमाल किया गया।

इन वीकल से 1589.92 चिंटल राशन पहुंचाया गया। ऐसे में क्या वाकई राशन की सप्लाई हुई, इस पर भी सीएजी ने संदेह जाहिर किया है और कहा है कि चोरी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि जवाब में विभाग ने कहा था कि ऐसा टाइपोग्राफिक डेटा एंट्री की गड़बड़ी के कारण हो सकता है।

### 75 साल के पति को मार रात भर शव के पास लेटी रही

#### अवैध संबंध का था शक

मुंबई (आरएनएस)। हर दिन के झगड़े और अवैध संबंधों के शक पर एक महिला ने अपने पति की हत्या कर दी और किसी को शक न हो इसलिए अगले दिन सुबह तक शव के साथ लेटी रही। सच का पता चलने पर उनके खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

यह वारदात चेंबूर की एक झुग्गी की है जहां 65 वर्षीय धन्नूदेवी अपने 75 वर्षीय पति चोटेलाल मौर्य के साथ रहती थीं। उन्हें शक था कि उनके पति का दो महिलाओं के साथ अवैध संबंध है।

**पुलिस से पूछताछ में सच बताया**

पुलिस को रविवार सुबह एक बुजुर्ग व्यक्ति के घायल हालत में पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और मौर्य के तीन बेटों के साथ उन्हें राजावाडी अस्पताल लेकर गई। वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पहले धन्नूदेवी ने पुलिस से कहा कि उन्हें नहीं पता कि छोटेलाल की जान कैसे गई। जांच में डॉक्टरों ने बताया कि छोटेलाल के सिर पर चोट कि निशान हैं। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

### कश्मीर घाटी में तनाव जारी, भारी सुरक्षा बल तैनात

श्रीनगर (आरएनएस)। श्रीनगर और कश्मीर घाटी में संवेदनशील जगहों पर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने भारी मात्रा में सुरक्षा बल तैनात किए हैं। अलगाववादियों द्वारा बंद आहूत नहीं किए जाने के बावजूद यह सुरक्षा के मद्देनजर ऐहतियातन यह कदम उठाया गया है।

कश्मीर घाटी में जारी तनाव के बीच प्रशासन ने सभी शिक्षण संस्थानों को बंद रखने और बुधवार को होने वाली परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। ट्रेन सेवाएं भी लगातार तीसरे दिन बंद रहीं। व्यस्त रहने वाले श्रीनगर-सोनमर्ग रोड पर दूसरे दिन बुधवार को भी परिवहन बंद रहा।

# परीक्षा के बारे में फैसला बोर्ड का विशेषाधिकार :सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सीबीएसई पेपर लीक में दायर सभी याचिकाएं खारिज कर दीं. शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में यह साफ किया कि परीक्षा के बारे में फैसला सीबीएसई का अधिकार है. पेपर कराना है या नहीं करना, यह सीबीएसई का विशेषाधिकार है. इसके साथ ही अदालत ने पेपर लीक की सीबीआई जांच की मांग को भी अस्वीकार कर दिया.




**सीबीएसई पेपर लीक में सभी याचिकाएं खारिज**

उल्लेखनीय है कि इससे पहले मंगलवार को मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने फैसला किया कि सीबीएसई की 10वीं कक्षा की गणित विषय की दोबारा परीक्षा नहीं कराई जाएगी. सीबीएसई ने कहा कि 10वीं कक्षा स्कूली शिक्षा प्रणाली का आंतरिक भाग भर है. गौरतलब है कि सीबीएसई की 10वीं कक्षा का गणित और 12वीं कक्षा का अर्थशास्त्र विषय का पर्चा लीक हो गया था. शिक्षा सचिव अनिल स्वरूप ने दिन में कहा था, सीबीएसई की 10वीं कक्षा का गणित का पर्चा लीक होने की सूचनाओं के प्राथमिक विश्लेषण के बाद तथा विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए सीबीएसई ने फिर से परीक्षा नहीं करवाने का फैसला लिया है. यह परीक्षा दिल्ली एनसीआर और हरियाणा राज्यों में भी नहीं होगी. ऐसे में 10वीं कक्षा के लिए कोई पुनः परीक्षा नहीं होगी. बाद में सीबीएसई ने एक बयान में कहा, 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 11वीं कक्षा के लिए प्रवेश द्वार होती हैं और इसलिए मोटे तौर पर स्कूली शिक्षा का आंतरिक भाग बनी रहती है. बयान के मुताबिक, दूसरी ओर, 12वीं कक्षा की परीक्षाएं उच्च शिक्षा एवं सीमित सीटों वाली विभिन्न पेशेवर प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं का प्रवेश द्वार होती हैं.... लिहाजा, अर्थशास्त्र के पर्चे की कथित लीक के मुट्ठी भर लाभार्थियों को अनुचित फायदा देना छात्रों के व्यापक हित में नहीं होगा. केंद्र ने इस साल से 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं फिर से शुरू की है और सतत समग्र मूल्यांकन ( सीसीई) की व्यवस्था खत्म कर दी है.

# आखिर तक व्यापार युद्ध से लड़ने को तैयार : चीन

पेइचिंग (आरएनएस)। चीन ने बुधवार को कहा कि उसने अमेरिका के ट्रंप प्रशासन के साथ बातचीत का द्वार खुला रखा है, लेकिन इसके बावजूद यदि व्यापार युद्ध छिड़ता है तो वह इसे अंत तक लड़ेगा। अमेरिका द्वारा इस्पात और एल्युमीनियम पर शुल्क लगाने के जवाब में चीन ने मंगलवार को 128 अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क लगाने की घोषणा की थी।



चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गेंग शुआंग ने यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि चीन ने मंगलवार को अमेरिका के 128 उत्पादों पर तीन अरब डॉलर का आयात शुल्क लगाया है। इनमें मीट, फल आदि उत्पाद शामिल हैं। प्रवक्ता ने कहा कि चीन किसी के साथ व्यापार युद्ध नहीं चाहता है। लेकिन इसके साथ ही हम व्यापार युद्ध से घबराते नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यापार युद्ध छेड़ता है तो हम अंत तक लड़ेंगे। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चीन इस बात पर जोर दे रहा है कि बातचीत का रास्ता खुला रहे। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों में मतभेदों को बातचीत के जरिये सुलझाया जा सकता है।

# मालदीव ने भारत को फिर झटका दिया

#### गिफ्ट में मिला हेलिकॉप्टर ले जाने को कहा

नई दिल्ली (आरएनएस)। मालदीव के साथ भारत के बिगड़ते संबंधों के बीच चौतरफा समंदर से घिरे इस देश ने एक बार फिर भारत को झटका दिया है। मालदीव ने भारत सरकार की तरफ से गिफ्ट मिले दो नौसेना हेलिकॉप्टरों में से एक को वापस ले जाने के लिए कहा है। हालांकि आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि फिलहाल इसे लेकर अब्दुल्ला यामीन की सरकार से बात चल रही है लेकिन मालदीव सरकार के सूत्र अलग ही बात कह रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक मालदीव भारत के ध्रुव



अडवॉन्स्ड लाइट हेलिकॉप्टर (एएलएच) की बजाय डॉर्नियर मैरिटाइम सर्विलान्स एयरक्राफ्ट चाहता है। मालदीव जिस हेलिकॉप्टर को भारत को लौटाना चाहता है वह अड्डू द्वीप पर ऑपरेट करता है। इस घटना ने भारत और मालदीव के बीच के डिफेंस और सिक्यॉरिटी कोऑपरेशन पर भी सवाल खड़े किए हैं।

# फेक न्यूज के आदेश पर अंधेरे में रखे जाने से नाराज हुए थे मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। फेक न्यूज बनाने पर पत्रकार की मान्यता रद्द करने के आदेश को भले ही स्मृति इरानी के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने वापस ले लिया है, लेकिन इसके लिए उन्हें पीएम मोदी की फटकार भी झेलनी पड़ी है। सोमवार को मंत्रालय की ओर से यह आदेश जारी किया गया था, जिसे मंगलवार को पीएमओ के दखल



के बाद 24 घंटे के भीतर वापस ले लिया गया। मानव संसाधन विकास मंत्री के तौर पर विवादों में रह चुकीं स्मृति इरानी को सूचना एवं प्रसारण मंत्री के तौर पर पहली बार असहज स्थिति का सामना करना पड़ा है।

सूत्रों के मुताबिक इरानी के नेतृत्व वाले मंत्रालय के इस फैसले से पीएम मोदी नाखुश थे और उन्हें कड़ा संदेश देना चाहते थे।

# आग लगने से 11 की मौत, छह घायल

तेहरान (आरएनएस)। ईरान के एक सरकारी दैनिक समाचार पत्र ने अपनी रिपोर्ट में एक टी हाउस में आग लगने और हादसे में 11 लोगों के मारे जाने तथा अन्य छह के घायल होने की जानकारी दी. ' ईरान टेलीग्राम' ने कहा कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि एक असंतुष्ट पूर्व कर्मचारी ने किसी ज्वलनशील पदार्थ का इस्तेमाल कर आग लगाई. अग्निशामकों ने 40 लोगों को आग से बचा लिया. पांच लोग घायल हो गए हैं. खूजस्तान पुलिस बल के मुख्य कमांडर सरदार अब्बासजादेह ने कहा कि आगजनी के पीछे का कारण निजी विवाद था.

उन्होंने कहा कि संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उन्होंने अपराध कबूल कर लिया है.

# हिमाचल में ओलावृष्टि का कहर, किसान-बागवानों की मेहनत पर पानी

कुल्लू (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को हुई बारिश और ओलावृष्टि से बागवानी और फसलों को नकुसान पहुंचा है. सूबे के कई जिलों में मंगलवार को ओलोवृष्टि हुई है. कुल्लू के आनी और निरमंड में ओलावृष्टि से सेब के फूलों



और सब्जियों को नुकसान पहुंचा है. इससे बागवानों की मेहनत पानी फिर गया है. आनी के चवाई, अमर बाग, कथला में फसलों को भारी नुकसान हुआ है. आनी की बुच्छैर पंचायत में ओलावृष्टि ने जमकर कहर बरपाया है. सेब, मटर और लहसून की फसल तबाह हो गई. बता दें कि मौसम विभाग ने एक सप्ताह तक बारिश और तुफान का अनुमान लगाया है. मंगलवार को कुल्लू और मंडी में कुछ क्षेत्रों में बारिश के साथ आंधी ने किसानों बागवानों को काफी परेशान किया. रोहतांग में 5 सेंटीमीटर हिमपात हुआ है. कुल्लू में शीतलहर के साथ-साथ फाहे गिरने की भी सूचना आई है. प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम खराब होने से मनाली, केलांग और कल्पा में न्यूनतम तापमान गिरा है. आनी उपमंडल के किसान-बागवान देस राज, रोशन लाल, हीरा लाल, जय दास, प्रकाश ठाकुर, पदम, उत्तम सिंह, डाबेराम नेगी, संतोष, महेंद्र सिंह, ठाकुर चंद, नरीदास और राम लाल ने प्रदेश सरकार और सबंधित विभाग से प्रभावित किसान-बागवानों को फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है.

# गड़बड़ी करने वालों को नहीं बख्शेंगे

#### सीएजी रिपोर्ट पर केजरीवाल

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट में पाई गई गड़बड़ियों के लिए दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।



इसके साथ ही उन्होंने सोशल वेलफेयर स्कीमों में सीएजी की टिप्पणी के हवाले से एलजी की ओर इशारा करते हुए कहा कि दिल्ली में आज राशन माफिया पूरी तरह हावी है और रिपोर्ट से सबक लेते हुए राशन की होम डिलीवरी के प्रस्ताव पर दोबारा विचार करना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक दिल्ली सरकार ने रिपोर्ट से जुड़े 50 मामलों को सीबीआई जांच के हवाले करने का फैसला किया है।

# शिवसेना को मनाने बीजेपी ने दिया ऑफर

नई दिल्ली (आरएनएस)। बीजेपी ने अक्सर नाराजगी जताने वाले एनडीए के सहयोगी दल शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे को संदेश भेजकर उनके किसी प्रतिनिधि को राज्यसभा के डेप्युटी चेयरमैन बनाने का ऑफर दिया है। यह बात मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने दी है। संसद के ऊपरी सदन के उपसभापति का पद खाली होने जा रहा है क्योंकि पीजे कुरियन का कार्यकाल जल्द पूरा हो रहा है और बीजेपी यह पद सदन के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को नहीं देना चाहती। ठाकरे को यह ऑफर ऐसे समय में भेजा गया है, जब यह अफवाह खूब जोर-शोर से फैली है कि बीजेपी यह पद अपने पास ही रखना चाहती है। इसके संभावित दावेदार के रूप में भूपेंद्र यादव के नाम पर चर्चा हो रही है। पता चला है कि शिवसेना ने बीजेपी के ऑफर का जवाब नहीं दिया है क्योंकि यह न्योता ऐसे समय में आया है, जब देश के राजनीतिक हालात संवेदनशील हो गए हैं और इस बारे में बहुत सोच-समझकर फैसला करने की जरूरत होगी। बीजेपी के प्रति काफी आक्रामक रुख अपनाती रही शिवसेना ने अगला चुनाव अलग होकर लड़ने का फैसला किया है। सूत्रों ने बताया कि अगर शिवसेना सुलह का ऑफर मान लेती है तो इसका मतलब यह निकाला जा सकता है कि वह बीजेपी के साथ अपने मतभेद दूर करने को तैयार है। शिवसेना आक्रामक रुख इसलिए अपना रही है कि बीजेपी उसके राजनीतिक स्पेस में बड़े जोर-शोर से घुसपैठ कर रही है।




# पुलिस एनकाउंटर में पांच नक्सली ढेर

रांची (आरएनएस)। झारखंड के लातेहार जिले के सेरनदाग जंगल में नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में आज पांच नक्सली मारे गए हैं, जिसकी पुष्टि एसपी प्रशांत आनंद ने की है. लातेहार के हेरहंज थाना क्षेत्र के सेरनदाग जंगल में सीआरपीएफ 11 और नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई. खबर लिखे जाने तक एनकाउंटर के बाद पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है.

झारखंड पुलिस के आईजी अभियान आशीष बत्रा ने बताया कि पांच नक्सली मारे गए हैं. मौके से तीन एके-47 और इंसास राइफल भी जब्त किए गए हैं. इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है. एनकाउंटर के दौरान घायल नक्सलियों की भी तलाशी की जारी है.

**दो नक्सलियों की हुई पहचान**

मारे गए माओवादियों में से दो की पहचान शिवलाल यादव और सरवन यादव के रूप में की गई है. दोनों पर सरकार ने पांच लाख का



इनाम रख रखा था. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि माओवादियों का जत्था सिकित के जंगल में रुका है. सूचना के आधार पर पुलिस बुधवार की सुबह सीआरपीएफ के जवानों के साथ जंगल मे धावा बोल दी. पुलिस ने माओवादियों को घेर लिया. पुलिस के आने की भनक मिलते ही माओवादी फायरिंग करने लगे.

# करौली में हिंसा के बाद कर्फ्यू जारी, इंटरनेट अब भी सस्पेंड

करौली (आरएनएस)। एससी-एसटी ऐक्ट पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ जारी आंदोलन के हिंसक होने के बाद राजस्थान के करौली जिले के हिंडौन में लगाया गया कर्फ्यू बुधवार दोपहर 1 बजे तक लागू रहेगा। हिंडौन में स्थिति सामान्य हो गई है, लेकिन इंटरनेट सेवाएं अभी चालू नहीं की गई हैं। स्थिति का लगातार जायजा लिया जा रहा है, उम्मीद है जल्द ही इंटरनेट सेवाओं को भी बहाल कर दिया जाएगा। बता दें कि मंगलवार को करीब 40 हजार लोगों की उग्र भीड़ ने करौली जिले के हिंडौन में बीजेपी की दलित विधायक राजकुमारी जाटव और पूर्व मंत्री भरोसीलाल जाटव का घर जला दिया था।